
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : बुधवार 11 दिसंबर 2024 वर्ष 06 अंक 239 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

बेस्ट ने अडानी के इलेक्ट्रिक मीटर लगाने पर लगाई रोक



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 'ईवीएम और वीवीपीएटी में नहीं थी कोई गड़बड़ी'

## महाराष्ट्र चुनाव को लेकर विपक्ष के दावे पर चुनाव आयोग ने दिया जवाब...

**भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार (10 दिसंबर, 2024) को ईवीएम और वीवीपीएटी को लेकर उठाए जा रहे विपक्षीय सवालों पर जवाब देते हुए कहा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान 288 विधानसभा सीटों पर 1440 वोटों का पहले जारी किए गए नतीजों से मिलान किया गया, जो कि वीवीपीएटी और ईवीएम में पड़े थे. इस मिलान के दौरान किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई.**





आयोग ने कहा कि दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चुने गए पांच मतदान केंद्रों की वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती करना जरूरी है. चुनाव निकाय ने 23 नवंबर (परिणाम के दिन) को मतगणना पर्यवेक्षक और उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पर्चियों की गिनती की. इसके अनुसार, महाराष्ट्र राज्य के 288 विधानसभा क्षेत्रों से 1440 वीवीपीएटी इकाइयों की पर्चियों की गिनती संबंधित नियंत्रण इकाई के आंकड़ों से मिलान की गई है.

**'नियमों के मुताबिक की गई गणना'**

चुनाव आयोग ने बताया कि संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों से मिली रिपोर्टों के अनुसार वीवीपैट पर्ची गणना और ईवीएम नियंत्रण इकाई गणना के बीच कोई विसंगति नहीं पाई गई है. ईसीआई ने एक बयान में कहा, ''ईसीआई की ओर से निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है.'' महाराष्ट्र में विपक्षी दलों की ओर से विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करने के कुछ दिनों बाद चुनाव आयोग का यह बयान आया है.

**महाविकास अघाड़ी ने किया था विरोध**

महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन ने बहिष्कार किया था, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी जैसी प्रमुख विपक्षी पार्टियां शामिल हैं. शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे सहित इन पार्टियों के नेताओं ने हाल के चुनावों की निष्पक्षता के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त कीं. ठाकरे ने चुनाव आयोग पर राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान ''ईवीएम के दुरुपयोग'' की इजाजत देने का आरोप लगाया. महाराष्ट्र चुनावों के बाद ईवीएम की प्रामाणिकता का मुद्दा गरमा गया था, क्योंकि विधानसभा चुनाव हारने वाले विपक्षी दलों के 20 से अधिक उम्मीदवारों ने ईवीएम की विश्वसनीयता के बारे में गंभीर चिंता जताई थी. इन उम्मीदवारों ने डाले गए वोटों और घोषित परिणामों के बीच महत्वपूर्ण विसंगतियों का आरोप लगाया था, खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जहां विपक्ष ने मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद की थी.

# मुंबई पुलिस ने बेस्ट बस मामले में चालक को किया गिरफ्तार...

## गैर इरादतन हत्या का मामला किया दर्ज



**मुंबईः** मुंबई के कुर्ला इलाके में हुई बेस्ट बस दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है और घायलों का इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना में विजय वडेट्टीवार ने बृह्नमुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) को जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले की जांच करते हुए मुंबई पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस ने यहां हुई एक बस दुर्घटना के सिलसिले में 'बेस्ट' बस के चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हुए हैं।

**22 वाहन भी क्षतिग्रस्त**

बता दें, कि ये हादसा इतना बड़ा था कि इस घटना में 22 वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह दुर्घटना सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे कुर्ला के पश्चिम इलाके में हुई, जहां बृह्नमुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (इएरळ) उपक्रम की बस ने कई वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद घायलों को तुरंत भाभा अस्पताल, सायन अस्पताल और सेवन हिल्स अस्पताल समेत विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भेजा गया, जहां सभी घायलों का उपचार चल रहा है, उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। उनके अनुसार घायलों में चार पुलिसकर्मी भी हैं, जो इस दुर्घटना के समय बंदोबस्त ड्यूटी पर थे। उनकी हालत स्थिर है। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के तुरंत बाद बस चालक संजय मोरे को पकड़ लिया और बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे यहां अदालत में पेश किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि मोरे को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह शराब के नशे में तो नहीं था। उन्होंने कहा कि मोरे के रक्त का नमूना लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या के लिए सजा) और धारा 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) तथा मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# पुणे में बीजेपी विधायक के मामा की हत्या, अपहरण कर घटना को दिया अंजाम

**पुणेः** महाराष्ट्र के पुणे शहर में आए दिन आपराधिक घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच अब एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, विधायक योगेश टिलेकर के मामा सोमवार तड़के टहलने निकले थे। तभी अचानक उनका अपहरण कर लिया गया। जिसके बाद उनकी हत्या किए जाने की खबर सामने आई है। घटना से हडपसर के साथ-साथ पुणे में भी सनसनी मच गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अपहरण और हत्या किए गए व्यक्ति की पहचान 58 वर्षीय सतीश सतबा वाघ के रूप में हुई है। सतीश वाघ एक किसान के साथ-साथ होटल व्यवसायी के रूप में भी जाने जाते थे। साथ ही वे विधान परिषद विधायक योगेश टिलेकर के मामा भी लगते थे। सतीश के अचानक गायब होने से बेटे ओमकार ने हडपसर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। ओमकार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया था।



बताया जा रहा है कि सतीश सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। तभी फुरसुंगी इलाके से एक कार में आए चार-पांच अपहरणकताओं ने उन्हें धमकाया। वाघ को धमकाकर कार में बिठाने के बाद अपहरणकर्ता सासवड रोड पर कार में फरार हो गए। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे एक राहगीर ने यह देख लिया था। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा इस बात का पता लगाया जा रहा था कि उनका अपहरण क्यों किया गया और क्या उनका किसी से कोई आर्थिक लेन-देन या दुश्मनी थी। पुलिस पूरे जोर के साथ सतीश की तलाश कर रही थी। इस दौरान शाम को यवत पुलिस स्टेशन इलाके में सतीश वाघ का शव मिला। जिससे यह साफ हो गया कि उनका अपहरण कर हत्या की गई है। हालांकि पुलिस को अब भी हत्या के पीछे का कारण पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि सतीश का मंजिरी-फुरसुंगी रोड पर 'ब्लूबेरी' नाम से होटल है जो कि किराए पर चल रहा है। इसके अलावा सोलापुर रोड के किनारे कुछ दुकानें भी किराए पर दी गई हैं। इसलिए वे सिर्फ अपना पारंपरिक खेती का व्यवसाय संभाल रहे थे। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। यही वजह है कि सतीश के अपहरण का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### नीतिगत संतुलन जरूरी...

हाल ही में जारी आधिकारिक अनुमान दशार्ते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जताए गए अनुमान की तुलना में काफी धीमी गति से विकसित हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ी हालांकि रिजर्व बैंक ने अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में समान अवधि में इसके 7 फीसदी की दर से विकसित होने का अनुमान जताया था। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि नीतिगत दरों में कमी करने में मौद्रिक नीति समिति ने जो देरी की है वह भी इसके लिए कुछ हद तक जिम्मेदार है। शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने भी हाल के सप्ताहों में नीतिगत ब्याज दरों को कम रखने के पीछे तर्क दिए हैं। इस परिदृश्य में मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत रीपो दर को अपरिवर्तित रखकर गत सप्ताह अच्छा काम किया। इस दौर में अगर अचानक कोई कदम उठाया जाता तो शायद उससे मदद नहीं मिलती। अपस्फीति की प्रक्रिया से निपटना महत्त्वपूर्ण बना हुआ है।

इसके बावजूद रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर में 50 आधार अंकों की कमी की जो दो हिस्सों में प्रभावी होगी और जिसकी बदौलत बैंकिंग तंत्र में 1.16 लाख करोड़ रुपये की नकदी आएगी। हालांकि रिजर्व बैंक ने दरों में कटौती को नकदी के संभावित दबाव के चलते उचित ठहराया है लेकिन केंद्रीय बैंक के पास नकदी के अस्थायी संकट से निपटने के लिए अन्य उपाय मौजूद हैं। सीआरआर में कटौती मौद्रिक नीति व्यवहार को सामान्य बनाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। हालांकि मुद्रास्फीति की दर अक्टूबर में ही सहिष्णु दायरे के ऊपरी स्तर के पार चली गई थी लेकिन अब अनुमान जताया जा रहा है कि यह 2025-26 की दूसरी तिमाही में घटकर 4 फीसदी के वांछित लक्ष्य के आसपास आ जाएगी। ताजा मौद्रिक नीति रिपोर्ट (अक्टूबर में जारी) ने दिखाया कि रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2025-26 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति की दर 4.1 फीसदी रहेगी। ऐसे में वर्ष 2025-26 में मुद्रास्फीति संबंधी नतीजे 4 फीसदी के लक्ष्य के करीब रह सकते हैं और इससे नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बनेगी। बहरहाल इसकी मात्रा और इसका समय विभिन्न कारकों पर निर्भर करेगा। उदाहरण के लिए यह बात ध्यान देने लायक है कि मुद्रास्फीति संबंधी नतीजों ने बीते कुछ वर्षों में केंद्रीय बैंक को सकारात्मक रूप से चौंकाया है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# भिवंडी मनपा के सहायक आयुक्त सोमनाथ सोष्टे निलंबित...

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** भिवंडी निजामपुर महानगर पालिका प्रभाग समिति क्रमांक. 5 के क्लर्क और सहायक आयुक्त सोमनाथ बुध्या सोष्टे को महापालिका के लेखा विभाग द्वारा विविध कार्यों के लिए दिए गए अग्रिम राशि 32 लाख 66 हजार 346 रुपए कहा और कैसे खर्च किए उसका संतोषजनक जवाब देने में असफल होने पर विभागीय जांच हेतु महापालिका आयुक्त ने महापालिका की सेवा से निलंबित किया है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार मंच के अध्यक्ष शरद धुमाल ने महाराष्ट्र सरकार से शिकायत की थी। उनकी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने भिवंडी महापालिका के आयुक्त को मामले की विस्तृत जांच करने का आदेश दिए थे। उक्त प्रकरण का विस्तृत तथ्य यह है कि भिवंडी महापालिका के मुख्यालय के उपायुक्त ने मामले में लेखा विभाग की स्पष्ट राय प्राप्त करने के लिए उक्त फाइल को लेखा विभाग को भेज दिया। लेखा विभाग ने महापालिका मुख्यालय उपायुक्त को रिपोर्ट




सौंपी है कि 06 अग्रिम राशि का समायोजन अभी बाकी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट में सोष्टे द्वारा ली गई अग्रिम राशि के समायोजन के लिए जमा की गई फाइलों को नजरअंदाज किया जा रहा है, और रिपोर्ट में ऑडिट विभाग द्वारा उठाई गई त्रुटियों को पूरा नहीं करने का दोष सोष्टे पर मढ़ा गया है। इस कारण सहायक आयुक्त सोमनाथ सोष्टे को महाराष्ट्र सिविल सेवा (अनुशासन और अपील), (आचरण) नियम, 1979 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम, 1949 की धारा 56 (2) के तहत विभागीय जांच की सेवा से निलंबित कर दिया गया है।

भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने अपने उक्त निलंबन आदेश दिनांक 03/12/2024 में, महाराष्ट्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1979 के प्रावधानों के अनुसार, महापालिका आयुक्त ने चेतावनी दी कि निलंबन अवधि के दौरान कोई भी निजी रोजगार या कोई भी व्यवसाय/व्यवसाय करने पर दोषी पाया जाएगा। आगे आधिकारिक कदाचार के लिए और उसी के लिए दंड के लिए उत्तरदायी होगा, उक्त निलंबन आदेश में दिया गया है। इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार मंच के अध्यक्ष शरद धुमाल ने निलंबित सहायक आयुक्त सोमनाथ सोष्टे के दुर्व्यवहार और मनमाने प्रबंधन को लेकर मनपा आयुक्त से शिकायत कर जांच की मांग की थी। लेकिन मनपा आयुक्त ने धुमाल की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि सहायक आयुक्त सोष्टे का समर्थन किया। महापालिका आयुक्त की इस अकुशल कार्रवाई के कारण अध्यक्ष और धुमाल ने इस मामले में महाराष्ट्र सरकार से शिकायत की और यही कारण है कि महाराष्ट्र सरकार ने अंततः भिवंडी महापालिका आयुक्त को मामले की गहन और विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। सरकार के उक्त आदेश पर आखिरकार मनपा आयुक्त ने सहायक आयुक्त सोमनाथ को निलंबित कर दिया।

## मोबाइल की दुकान से लाखों की मोबाइल चोरी



**भिवंडी :** शहर के टेमघर इलाके में एक मोबाइल की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर ने मोबाइल का शटर उठाकर दुकान में प्रवेश किया औत 1,30,000 रुपए कीमत के मोबाइल फोन व अन्य कीमती समान चोरी कर ली। पुलिस के मुताबिक टेमघर में राहूल कैलाश चौहान की ''पी. जे. मोबाइल'' नामक दुकानद है। अज्ञात चोर ने मध्यरात्रि के दौरान दुकान का शटर उठाकर प्रवेश किया और नए व महंगे मोबाइल चुरा लिए। चोरी के बाद आरोपी फरार हो गया। शांतिनगर पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## डंपर चालकों के विरोध में स्थानीय लोगों का रास्ता रोको आंदोलन



**भायंदर :** भायंदर (पश्चिम) फ्लाईओवर ब्रिज स्थित माहेश्वरी भवन रोड़ के रहवासी डंपर चालकों की वजह से काफी परेशान हैं। यहां के लोगों ने इन डंपर चालकों के खिलाफ रास्ता रोको आंदोलन किया। यहां के स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि यह डंपर चालक यहां पर बिना अनुमति के भरनी का काम कर रहे हैं। यह डंपर चालक यहां पर काफी तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिसकी वजह से यहां पर कई बार दुर्घटना होते होते बच गयी। वहीं इन डंपर चालकों के गाड़ी से उड़ने वाली घुल मिट्टी की वजह से यहां के लोगों को दमा की शिकायत हो रही है। स्थानीय लोगों के आंदोलन के चलते वहां पर स्थिति तनावपूर्ण बन गयी थी। लोगों के गुस्से को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन को स्थिति को नियंत्रण में करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों का आरोप है की इन डंपर चालकों की वजह से हमारी इमारतों को भी खतरा बन गया है, इसलिए हम यहां पर इनको भरनी करने नही देंगे, प्रशासन को कोई अन्य विकल्प खोज कर यहां पर भरनी का काम करना चाहिए।

## साइबर सेल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में तीन लोगों द्वारा खोए 18.43 लाख रुपये से अधिक राशि वापस कराने में कामयाब

**मीरा भयंदर:** मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस से जुड़ी साइबर सेल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में तीन लोगों द्वारा खोए गए 18.43 लाख रुपये से अधिक की सामूहिक राशि वापस कराने में कामयाबी हासिल की। सभी शिकायतें राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज की गई थीं, जो साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। तीनों शिकायतकर्ताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित फर्जी विज्ञापनों के झांसे में आकर अपना पैसा खो दिया था, जिसमें स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश करके उच्च रिटर्न का वादा किया गया था। शिकायतें मिलने




के बाद, पुलिस निरीक्षक सुजीत कुमार गुंजकर के नेतृत्व में साइबर सेल ने जांच शुरू की और भुगतान समाधान प्रदान करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म के गेटवे से संपर्क करके और संबंधित बैंकों के साथ निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई करके क्रमशः 10.05 लाख रुपये, 4.89 लाख रुपये और 3.49 लाख रुपये वापस कराए।

पीड़ितों के संबंधित बैंक खातों में रिवर्सल लेनदेन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, ठाणे के आदेशों के बाद किया गया। अज्ञात कॉल करने वालों/प्रेषकों से निपटने में सावधानी बरतने और यथाशीघ्र शिकायत दर्ज कराने (गोल्डन ऑवर) की आवश्यकता पर बल देते हुए गुंजकर ने कहा कि लोग स्थानीय पुलिस स्टेशनों से संपर्क कर सकते हैं या सीधे 1930 पर साइबर अपराध सेल से संपर्क कर सकते हैं या कॉल कर सकते हैं।

## शौचालय के अभाव में रेलवे यात्री परेशान

**भायंदर :** भायंदर रेलवे स्टेशन के बाहर शौचालय की व्यवस्था ना होने से यहां के यात्रियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। भायंदर (पूर्व) प्रशांत हॉटेल के सामने के रिक्शा स्टैंड के पास पहले शौचालय की व्यवस्था थी। इस शौचालय का प्रयोग यहां के यात्री और शहर के नागरिक करते थे। अभी इस जगह पर रेलवे द्वारा इमारत का निर्माण कराया जा रहा है। इस इमारत के निर्माण के कारण करीब एक साल पहले वहां शौचालय को तोड़ दिया गया था। इस शौचालय को तोड़ने के बाद यहां के लोगों को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही है। जिसमे खास कर के महिलाओं, बुजुर्ग, डायबीटीस एवं अन्य बिमारी के मरीजों को काफी दिक्कत हो रही है।

# डोंबिवली और कल्याण इलाके में रोजाना 10 लोगों को शिकार बना रहे आवारा कुत्ते...



**ठाणे :** ठाणे जिले डोंबिवली और कल्याण इलाके में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और नागरिकों पर हो रहे हमलों ने समस्या को गंभीर बना दिया है। मिली जानकारी अनुसार कल्याण-डोम्बिवली क्षेत्र में हर दिन औसतन 10 लोगों को कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके अलावा, छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर हमलों की घटनाओं ने लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। बता दें कि कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 80,000 तक पहुंच गई है। कुत्तों की जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए की जा रही नसबंदी अभियान की रफ्तार बहुत धीमी है। क्षेत्र में केवल एक नसबंदी केंद्र संचालित हो रहा है, जहां जनवरी से नवंबर तक मात्र 12,406 कुत्तों की नसबंदी की गई है। नागरिकों का कहना है कि नसबंदी अभियान में निरंतरता की कमी के कारण समस्या बढ़ रही है।

**10 महीने में 18705 लोगों को कुत्ते ने काटा**

महानगरपालिका की ओर से शास्त्रीनगर अस्पताल, रुक्मिणीबाई अस्पताल, कोलसेवाड़ी दवाखाना और नेतिवली टेकड़ी दवाखाना में कुत्ते के काटने पर मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है। जनवरी से अक्टूबर के बीच 18,705 लोगों को यह टीके दिए गए हैं। आवारा कुत्तों के आतंक से निपटने के लिए नागरिकों ने महानगरपालिका से प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# संजय राऊत पर मुंबई में मराठी-मारवाड़ी-गुजराती विवाद उकसाने का आरोप

**मुंबई :** विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र में आगामी महानगरपालिका चुनावों को लेकर सियासत तेज हो गई है। सियासी गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है। इस बीच, शिवसेना प्रवक्ता अरुण सावंत ने संजय राऊत द्वारा मुंबई में मराठी-मारवाड़ी-गुजराती विवाद को उकसाने की कोशिश पर तीखी प्रतिक्रिया दी। सावंत ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, झूठे विवादों और झांसे के जरिए समाज में फूट डालने की कोशिश की जाएगी।

**मुंबई में मराठी, मारवाड़ी और गुजराती विवाद फैलाने की कोशिश**

अरुण सावंत ने शनिवार को आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि जैसे-जैसे महानगरपालिका चुनाव पास आ रहे हैं, कुछ लोग मुंबई में मराठी, मारवाड़ी और गुजराती समुदायों के बीच विवाद पैदा करने की कोशिश करेंगे। यह एक खतरनाक और झूठा नैरेटिव है जो केवल राजनीति के तहत फैलाया जा रहा है। मराठी व्यक्ति की विशेषताएं



शौर्य, साहस, और कर्मठता में निहित हैं और वह कभी भी अन्याय सहन नहीं करते।

उन्होंने कहा कि शिवसेना, जो अपने संस्थापक और हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे के विचारों का पालन करती है, वह हमेशा मराठी व्यक्ति के अधिकारों और न्याय के लिए खड़ी रही है। उन्होंने एकनाथ शिंदे की शिवसेना को लेकर कहा कि हम मराठी व्यक्ति और महाराष्ट्र की अस्मिता की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर हैं। आरोप लगाया गया कि संजय राऊत और उनके जैसे नेताओं ने पहले ही मराठी लोगों को मुंबई से हटा दिया है और महाराष्ट्र की अस्मिता को गांधी परिवार की सेवा में गिरवी रख दिया है। इसके बावजूद, वह झूठे आरोप लगा रहे हैं।

# कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बर्वे मार्ग पर दुर्घटना... छह लोगों की मौत, 43 अन्य घायल

**मुंबई :** दर्दनाक सड़क हादसे के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुंबई हादसे में शामिल बेस्ट बस के चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और 43 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बर्वे मार्ग पर हुई, जहां बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम की बस ने कई वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के तुरंत बाद बस चालक संजय मोरे को पकड़ लिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों का भाभा अस्पताल, सायन अस्पताल और सेवन हिल्स अस्पताल सहित अलग-अलग चिकित्सा सुविधाओं में इलाज चल रहा है। उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, जो घटना के समय बंदोबस्त ड्यूटी पर थे। उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के तुरंत बाद बस चालक संजय मोरे को पकड़ लिया और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

# मोटरसाइकिल सवार ने युवक को मारी टक्कर

**भिवंडी।** शहर के कल्याण नाका के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार देने की घटना घटित हुई है। इस दुर्घटना में राहगीर किसन लोटन बागले गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक बागले कल शाम को साढ़े पांच बजे के बाद ऑटो रिक्शा से कल्याण नाका पर उतरकर पैदल ही बस स्टॉप पर जा रहे थे। इस दरमियान होंडा पल्सर टू 04 छऊ 0943 पर सवार युवक तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। बाइक असंतुलित होकर किसन बागले को टक्कर मार दी। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल जख्मी बागले को उठाकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

# मुंबई/ दूषित पानी को साफ कर पीने योग्य बनाने में जुटी मनपा...

## समुद्र के खारे पानी को मीठा करने की योजना डब्बे में गई कोलाबा में होगा पहला प्रयोग, मनपा नियुक्त करेगी सलाहाकार



**मुंबई :** पानी की बढ़ती समस्या को देखते हुए मनपा प्रशासन दूषित पानी को ट्रीट कर उसे पीने योग्य बनाने का निर्णय लिया है। मनपा इसके लिए सलाहकार नियुक्त करेगी। दूषित पानी को पीने योग्य बनाने की तकनीक को देखने के लिए मनपा की टीम ऑस्ट्रेलिया जाकर आई थी। कोलाबा में अभी 37 एमएलडी पानी को ट्रीट कर फिलहाल गार्डन आदि के लिए उपयोग किया जा रहा है। मनपा अब टर्सरी ट्रीट कर रही है, इसी पानी में 12 एमएलडी पानी को पीने योग्य बनाने और उसके उपयोग को लेकर सलाहाकार नियुक्त करने का निर्णय लिया है। बता दें कि मुंबई में अभी रोजाना 3850 एमएलडी पानी रोजाना पीने के सप्लाई किया जा रहा है। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए और पीने के पानी की जरूरत है। मनपा का समुद्र के खारे पानी को मीठा कर उसको पीने योग्य बनाने का निर्णय फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है। मनपा के सामने पानी की कमतरता एक बड़ी समस्या बन गई है। जलापूर्ति करने के लिए नए तालाब बनाना गारगाई प्रोजेक्ट भी पूरा करने में लगभग 5 से 8 साल का और समय लगेगा, जिसके चलते मनपा दूषित पानी को पीने योग्य बनाने पर जोर दिया है। कोलाबा में मनपा ने वर्ष 2020 में ट्रीटमेंट प्लांट शुरू किया। इस ट्रीटमेंट प्लांट से रोजाना 37 एम एल डी पानी पर प्रक्रिया कर गार्डन आदि के लिए उपयोग किया जा रहा है। इसी पानी को पीने योग्य बनाने के लिए मनपा सलाहकार नियुक्त कर रही है इस तरह की जानकारी मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। इस प्लांट से रोजाना 12 एम एल डी पानी पीने योग्य बनाया जाएगा।

# विरार में लगी भीषण आग...

**विरार :** विरार पूर्व के साईनाथ नगर इलाके में चप्पल की दुकानों में भीषण आग लगने की घटना हुई है। घटना सोमवार शाम करीब 4:15 बजे की है। महानगर पालिका की फायर ब्रिगेड ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया। विरार पूर्व में साईनाथ नगर इलाका स्थित है। इस इलाके में एक जूते बेचने वाले की दुकान है। शाम के समय दुकान के पास कचरे में आग लगाने के लिए झाड़ का इस्ते माल किया गया। इसकी चिंगारियां दुकान के ऊपर उड़ीं और भीषण आग लग गई। इस आग की घटना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। यहां के नागरिकों ने इस आग की सूचना वसई विरार महानगरपालिका के दमकल विभाग को दी।

# ठाणे में मिले 292 जिंदा देसी बम ! तीन गिरफ्तार

**ठाणे :** ठाणे और सतारा जिले में पुलिस ने छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए गांव में उपयोग किए जाने वाले 292 जिंदा बम जब्त किए हैं। यह कार्रवाई केंद्रीय अपराध जांच प्रकोष्ठ, ठाणे शहर पुलिस की विशेष टीम द्वारा की गई। 2 दिसंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगली सूअर के शिकार में उपयोग किए जाने वाले बम ठाणे के साकेत रोड पर बिक्री के लिए लाए जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे, पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश मालोदे और उनकी टीम ने साकेत रोड, ठाणे पश्चिम में जाल बिछाकर आरोपी सुभाष गजानन पहलकर (45) को 10 जिंदा गावठी बम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि ये बम सतारा जिले के वाई से लाए गए थे। इसके बाद, स्थानीय पुलिस की मदद से वाई में छापा मारकर पुलिस ने दो और आरोपियों, पालिश सिकरे (37) और मुरलीबाई पालिश सिकरे (35) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 282 जिंदा गावठी बम बरामद हुए। तीनों



आरोपियों के पास से कुल 292 जिंदा बम, नकदी और मोबाइल फोन जब्त किए गए। बरामद बमों की कुल कीमत 3,11,500 आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ राबोडी पुलिस स्टेशन में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 5 और भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 288 के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमर सिंह जाधव और सहायक पुलिस आयुक्त राजकुमार डोंगरे के मार्गदर्शन में किया गया। इस ऑपरेशन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे, पुलिस उपनिरीक्षक दीपक पाटिल, सुरेश मालोदे और अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

# बेस्ट ने अडानी के इलेक्ट्रिक मीटर लगाने पर लगाई रोक

## लोगों का आरोप अधिक आ रहा है बिजली बिल...




**ठाणे :** मुंबई बेस्ट प्रशासन ने सोमवार को एक बार फिर बेस्ट के बिजली उपभोक्ताओं के लगाए जा रहे बिजली मीटर पर रोक लगा दी है। सोमवार को शिवसेना के नवनिर्वाचित विधायकों ने मुंबई के शहरी भाग के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल अधिक आने का आरोप पर बेस्ट महाव्यवस्थापक अनिल डिग्गीकर से मिलकर लोगों की नाराजगी से अवगत कराया जिस पर बेस्ट महाव्यवस्थापक ने नया मीटर लगाने पर रोक लगा दी।

बता दें कि बेस्ट के मुंबई में लगभग 10 हजार बिजली ग्राहक हैं। बेस्ट के सभी बिजली ग्राहक मुंबई के शहर भाग में है। बेस्ट प्रशासन ने पुराने बिजली मीटर बदलकर नए अडानी के बिजली मीटर लगाने का निर्णय लिया और उसकी कार्रवाई भी शुरू हुई। यह मीटर प्रीपेड के रूप में भी उपयोग किया जाता है। बिजली उप- भोक्ताओं को मोबाइल फोन की तरह पहले बिल देकर जितना जरूरी है बिजली उपयोग कर सकेगी। बेस्ट के इस निर्णय का शुरू से ही आम नागरिको का विरोध है। इसक बावजूद बेस्ट के कुल 10 हजार बिजली ग्राहकों में लगभग ढाई हजार बिजली ग्राहकों के मीटर बदल दिए गए। बदले गए बिजली मीटर से लोगों का बिजली बिल अधिक आने लगा है जिसको लेकर लोग अब शिकायत करने लगे है और अडानी के मीटर का विरोध करने लगे है। शिवसेना के नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को बेस्ट महाव्यवस्थापक अनिल डिग्गीकर से मिलाकर लोगों की शिकायतों से अवगत कराया। बेस्ट महाव्यवस्थापक ने अडानी के मीटर लगाए जाने पर रोक लगा दी। बता दें कि बेस्ट महाव्यवस्थापक डिग्गीकर ने इसके पहले भी अडानी के मीटर लगाने पर रोक लगाई थी। लेकिन कुछ दिनों बाद दोबारा मीटर लगना शुरू हो गया। दिलचस्प बात यह है कि गुजरात और नागपुर में भी विरोध के कारण इन स्मार्ट मीटरों को निलंबित कर दिया गया है। केंद्र सरकार की नई नीति के अनुसार बेस्ट ने मुंबई में स्मार्ट बिजली मीटर लगाना शुरू कर दिया है।

## जोगेश्वरी ब्रिज पर चलती बीएमडब्ल्यू कार में अचानक आग...

**मुंबई :** जोगेश्वरी ब्रिज पर सोमवार दोपहर एक चलती बीएमडब्ल्यू कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग लग्जरी कार के इंजन से शुरू हुई। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की खबर नहीं है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बीएमडब्ल्यू कार जोगेश्वरी ब्रिज पर जलती हुई दिख रही है। इस घटना के कारण मुंबई की व्यस्त सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें दोपहर करीब 1:15 बजे आग लगने की सूचना मिली. आग को दोपहर 2 बजे के आसपास बुझा दिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## मुंबई : गोरेगांव मुलुंड सुरंगों के लिए पुनर्संरेखण को बीएमसी की मंजूरी...



**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना की जुड़वां सुरंगों के लिए पुनर्संरेखण योजना को हरी झंडी दे दी है, जिसके परिणामस्वरूप 248 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत आएगी। ये 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंगें पश्चिमी उपनगरों में गोरेगांव को पूर्व में विक्रोली से जोड़ेगी, जो संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) के नीचे से गुजरेंगी। शुरूआत में 6,301 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था, लेकिन पुनर्संरेखण के कारण परियोजना का संशोधित बजट अब 6,548 करोड़ रुपये हो गया है। 2028 के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है।

मूल डिजाइन में सुरंगों को एसजीएनपी के भीतर हबले पाड़ा और नागरमुडी पाड़ा की आदिवासी बस्तियों के नीचे रखा गया था, जिसमें स्थानीय आदिवासी समुदायों के लिए आवश्यक कृषि भूमि शामिल है। नागरिक अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान इन समुदायों से चिंताएँ प्राप्त करने के बाद, सुरंगों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। नए संरेखण को 600 मीटर पूर्व की ओर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे सुरंगों को वन क्षेत्रों और पहाड़ियों के नीचे से गुजरने की अनुमति मिल गई है, जिससे कृषि भूमि को किसी भी प्रतिकूल प्रभाव से बचाया जा सके।

निर्माण पहले से ही चल रहा है, सुरंग की बोरिंग अगले साल की शुरूआत में शुरू होने वाली है। "सुरंग बोरिंग मशीनें 2025 की पहली तिमाही में चीन से आने वाली हैं। नई संरेखण फि ल्म सिटी के नीचे से गुजरेंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि कृषि भूमि अप्रभावित रहे। हालाँकि, दोनों तरफ कुछ अतिरिक्त बोरिंग कार्य ने लागत में वृद्धि में योगदान दिया है," एक वरिष्ठ नागरिक अधिकारी ने कहा।

## मुंबई में मौसम ने करवट ली... न्यूनतम तापमान तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मौसम ने करवट ली है और सोमवार की सुबह काफी सर्द रही। मुंबई के सांताक्रूज में सोमवार को न्यूनतम तापमान तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 5.1 डिग्री सेल्सियस कम है। महाराष्ट्र में मिले जनमत के पीछे ईवीएम का प्रभाव, महाविकास आघाड़ी नेता ने अजित पवार को क्यों दी बधाई?

जानकारी के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के असर से मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे समेत कई हिस्सों में तापमान तेजी से गिरा है और ठंड बढ़ गई है। मुंबई के सांताक्रूज मौसम केंद्र पर आज (9 दिसंबर) न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस वजह से मुंबईवासियों के लिए आज की सुबह दिसंबर 2018 के बाद से अब तक की दिसंबर की सबसे ठंडी सुबह रही। बताया जा रहा है कि इन 6 वर्षों में दिसंबर के महीने में मुंबई शहर का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गिरा।

कुछ दिन पहले ही मुंबई में पारा 16.5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा था, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान था। लेकिन फिर मुंबई में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी शुरू हो गई। एक सप्ताह से भी कम समय पहले 4 दिसंबर को मुंबई में 16 वर्षों में दिसंबर का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया था।

## ठाणे : कोचिंग सेंटर के तीन छोटे लड़कों का यौन शोषण करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक 35 वर्षीय शिक्षक को राज्य पुलिस ने वंचित बच्चों के लिए संचालित एक कोचिंग सेंटर के तीन छोटे लड़कों का कथित तौर पर यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आगे बताया कि शिक्षक को शुक्रवार को कथित तौर पर वंचित लड़कों को शरीर की मालिश करने और उन्हें अनुचित तरीके से छूने के लिए मजबूर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक बालाजी पंधारे ने कहा कि शिक्षक ने न केवल छात्रों को मालिश



करने के लिए मजबूर किया, बल्कि उनके अश्लील वीडियो भी रिकॉर्ड किए। पंधारे ने कहा कि सितंबर में लड़कों द्वारा अपनी कक्षाएं बंद करने और कोचिंग सेंटर में वापस आने से इनकार करने के बाद मामले ने ध्यान खींचा। लड़के कक्षाओं में वापस जाने के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन वे परिवार के सदस्यों को वास्तविक कारण नहीं बता रहे थे।

सितंबर की शुरूआत में, कोचिंग सेंटर चलाने वाले तीन भाइयों पर मुंबई पुलिस ने कथित तौर पर करीब दो साल तक एक लड़की का बार-बार यौन शोषण करने का मामला दर्ज किया था। लड़की ने पुलिस को बताया कि भाइयों ने उसे कोचिंग सेंटर जल्दी पहुंचने और देर से निकलने के लिए मजबूर किया। उसने आगे कहा कि भाइयों ने नियमित कोचिंग कक्षाओं के बाद उसका यौन शोषण किया। पीड़िता द्वारा पुलिस से संपर्क करने और मामला दर्ज कराने के बाद पुलिस ने भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि विस्तृत जांच चल रही है और वे पीड़िता को न्याय दिलाएंगे।

## मीरा रोड इलाके की एक किशोरी को कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजने के आरोप में 20 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे:** ठाणे जिले के मीरा रोड इलाके की एक किशोरी को कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजने के आरोप में महाराष्ट्र पुलिस ने गुजरात से 20 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नवंबर के आखिरी सप्ताह में लड़की को उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक अश्लील संदेश मिलने के बाद मीरा-भयंदर-वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

मीरा-भयंदर-वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस की केंद्रीय



अपराध इकाई ने संदेश भेजने वाले का पता गुजरात के अंकलेश्वर से लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अपने साले के मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर संदेश भेजा था, क्योंकि हाल ही में उसके अनुचित व्यवहार के कारण उसकी सगाई रद्द हो गई थी। उन्हें शुक्रवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 78 (पीछा करना), 79 (शब्द, इशारा या किसी महिला की विनम्रता का अपमान करने का इरादा) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com